**खुलासा** | दीवार तोड़कर की गई चोरी का पर्दाफाश, एक सेल्स एग्जीक्यूटिव सहित 4 गिरफ्तार, 6 लाख का माल बरामद

# चोरी का मास्टरमाइंड निकला कंपनी का कर्मचारी




**अनूपपुर, नवभारत।** कोतवाली पुलिस ने प्रोक्टर एंड गैम्बल कंपनी (पीएंडजी) के अनूपपुर स्थित गोदाम में हुई बड़ी नकबजनी की वारदात का खुलासा करते हुए कंपनी के एक सेल्स एग्जीक्यूटिव सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 6 लाख रुपये मूल्य का चोरी का माल भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार अमरकंटक रोड पर चंदास ब्रिज के पास स्थित टच स्टोन सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम में 8-9 दिसंबर 2025 की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने पीछे के दरवाजे के पास दीवार तोड़कर कुंडा उखाड़ा और गोदाम में रखे विभिन्न उत्पादों से भरे कार्टून चोरी कर लिए।

### गोदाम के ब्रांच इंचार्ज ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी

गोदाम के ब्रांच इंचार्ज रामनारायण गुप्ता ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। चोरी हुए सामान में शेविंग ब्लेड, शैम्पू, विक्स, वाशिंग पाउडर व लिक्विड, पैंपर्स, विस्पर पैड, टूथब्रश सहित अन्य उत्पाद शामिल थे। मामले में थाना कोतवाली में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### चार आरोपी गिरफ्तार

कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन के नेतृत्व में गठित टीम ने कड़ी मेहनत के बाद वारदात में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में अंजनी कुमार दुबे, अंकित द्विवेदी, शिवांशु अवधिया एवं मानस सिंह शामिल है। पुलिस के अनुसार इस वारदात का मास्टरमाइंड अंजनी कुमार दुबे था, जो टच स्टोन सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड अनूपपुर ब्रांच में बीते करीब दो वर्षों से डिस्ट्रिब्यूशन सेल्स एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत था।

उसने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई और माल को बेचने की फिराक में था।

### किराये की दुकान से बरामद हुआ माल

आरोपियों ने चोरी किए गए कार्टून अनूपपुर में रामजानकी मंदिर के पास बलराम राजपूत के मकान में बनी एक दुकान किराये पर लेकर वहां छिपा दिए थे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर उसी स्थान से करीब 6 लाख रुपये मूल्य का माल जब्त करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है और मामले में आगे की जांच की जा रही है। इस बड़ी नकबजनी का सफल खुलासा करने पर पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने टीआई अरविंद जैन एवं उनकी टीम को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की है।



# शीतलहर में जरुरतमंदों को बांटे कम्बल

**कोतमा थाना प्रभारी एवं पत्रकारों की संयुक्त पहल**

**कोतमा नवभारत 6 जनवरी।** बढ़ती ठंड के मद्देनजर, कोतमा क्षेत्र में मानवता की मिसाल पेश करते हुए, कोतवाली थाना प्रभारी और स्थानीय पत्रकारों ने एक संयुक्त पहल के तहत जरूरतमंदों और असहाय लोगों को कंबल वितरित किए। यह पहल ऐसे समय में की गई जब क्षेत्र में शीतलहर का प्रकोप जारी है।

कंबल वितरण कार्यक्रम कोतमा नगर के विभिन्न वार्डों में आयोजित किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ला ने खुद आगे बढ़कर बुजुर्गों, बेघर लोगों और गरीबों को कंबल भेंट किए। इस नेक कार्य में स्थानीय पत्रकारों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया और वितरण कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई।

### हर मुश्किल समय में नागरिकों के साथ खड़े रहेंगे

कोतमा थाना प्रभारी ने इस मौके पर कहा, 'पुलिस और समाज का रिश्ता सिर्फ कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है। हमारा कर्तव्य है कि हम हर मुश्किल समय में अपने नागरिकों के साथ खड़े रहे। यह छोटा सा प्रयास ठंड से जूझ रहे लोगों को थोड़ी राहत देगा। स्थानीय पत्रकारों की ओर से अजय ताम्रकार, रामभुवन गौतम एवं दीपेश जैन ने कहा, 'पत्रकारिता का धर्म सिर्फ खबरों को दिखाना नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना भी है।

# मनरेगा के अधिकार में कटौती का आरोप

**कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन**



**बिजुरी, नवभारत।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिजुरी के अध्यक्ष जय कुमार ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर केंद्र सरकार पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत मिलने वाले गारंटीड रोजगार के अधिकार को कमजोर करने का आरोप लगाया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि रोजगार की कानूनी गारंटी को समाप्त कर इसे बजट-नियंत्रित योजना में बदला जा रहा है, जिससे ग्रामीण परिवारों की आजीविका असुरक्षित हो रही है। ज्ञापन के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा ग्राम सभाओं के माध्यम से जी राम जी (ग्राम आधारित कार्यक्रम) के नाम पर जानकारी दी जा रही है, लेकिन कांग्रेस का दावा है कि यह व्यवस्था मनरेगा के मूल स्वरूप से अलग है। पत्र में कहा गया है कि मनरेगा पहले ग्रामीण मजदूरों को काम की कानूनी गारंटी देता था, जबकि नई व्यवस्था से रोजगार की मांग-आधारित और अधिकार-संरक्षित प्रकृति कमजोर हो रही है।

### ग्रामीण मजदूरों की आजीविका पर प्रतिकूल असर पड़ेगा

कांग्रेस का आरोप है कि इससे करोड़ों ग्रामीण मजदूरों की आजीविका पर प्रतिकूल असर पड़ेगा और सामाजिक सुरक्षा के एक महत्वपूर्ण साधन को कमजोर किया जा रहा है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि पार्टी जी राम जी से जुड़े तथ्यों से अवगत है और मानती है कि इससे रोजगार के अधिकार का हनन हो रहा है।

### बुके की जगह फल, संवेदनशीलता की मिसाल बना रादुविवि

**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ने एक अभिनव और अनुकरणीय पहल करते हुए विभूतियों के स्वागत में बुके के स्थान पर फलों की टोकरी भेंट करने की शुरुआत की है। इसी क्रम में 2 जनवरी को डुमना एयरपोर्ट पर केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वागत में उपयोग किए गए फलों का वितरण श्री राजकुमारी बाई बाल निकेतन के बच्चों के बीच किया गया। कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा एवं प्रभारी कुलसचिव प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने बच्चों को फल वितरित किए। कुलगुरु ने इसे पर्यावरण संरक्षण, संसाधनों के सदुपयोग और जरूरतमंदों तक लाभ पहुंचाने वाला अभियान बताते हुए सभी संस्थाओं से सहभागिता का आह्वान किया।

# 11 गुम मोबाइल फोन मालिकों को लौटाये

**कोतमा पुलिस की सराहनीय पहल, सतर्कता की अपील**



**कोतमा नवभारत 6 जनवरी।** नववर्ष की शुरुआत में कोतमा पुलिस ने एक सराहनीय कार्य करते हुए विभिन्न स्थानों से खोए हुए 11 मोबाइल फोन को बरामद कर उनके असली मालिकों को सौंप दिया। पुलिस की इस पहल से न केवल नागरिकों को उनका बहुमूल्य सामान वापस मिला है, बल्कि पुलिस के प्रति जनता का विश्वास भी और मजबूत हुआ है।

पुलिस थाने में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में, पुलिस अधिकारियों ने फ़ोन मालिकों को उनके हैंडसेट सौंपे। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत ?1,50,000 (एक लाख पचास हजार रुपये बताई जा रही है।

### तकनीकी निगरानी से मिली सफलता

पुलिस ने तकनीकी निगरानी और साइबर सेल की मदद से इन खोए हुए मोबाइलों को ट्रेस किया। थाना प्रभारी ने बताया कि नागरिकों द्वारा विभिन्न समय पर गुम हुए मोबाइलों की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसके आधार पर लगातार खोजबीन जारी थी। मोबाइल फोन वापस करते समय पुलिस अधिकारियों ने फोन मालिकों और उपस्थित लोगों को डिजिटल सुरक्षा और सतर्कता बनाए रखने की समझाइश दी।

# बिना परमिट चल रही बस पर जुर्माना

**यातायात पुलिस ने की कार्रवाई**




**अनूपपुर, नवभारत 6 जनवरी।** यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस अनूपपुर ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के तहत बिना वैध परमिट के संचालित एक यात्री बस को पकड़ा गया। यातायात पुलिस द्वारा जांच के दौरान बस क्रमांक एमपी 04 पीए 4119 को रोका गया। दस्तावेजों की गहन जांच करने पर पाया गया कि बस बिना वैध परमिट के यात्रियों का परिवहन कर रही थी। यह मोटरयान अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन था। गंभीरता को देखते हुए बस को मौके पर ही जब्त कर लिया गया तथा नियमानुसार प्रकरण तैयार कर अग्रिम कार्यवाही के लिए भेजा गया।

### 51 हजार का किया चालान

इसके पश्चात सक्षम प्राधिकारी द्वारा उक्त वाहन पर 51 हजार का जुर्माना आरोपित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बिना वैध परमिट संचालित वाहन न केवल कानून का उल्लंघन करते हैं।

### वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस पर भारतीय डाक का विमोचन

**जबलपुर, नवभारत।** चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस, जबलपुर को अविस्मरणीय बनाने के उद्देश्य से भारतीय डाक विभाग, भारत सरकार द्वारा एक विशेष डाक आवरण का प्रकाशन एवं विधिवत विमोचन किया गया। यह विमोचन कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र के अवसर पर 2 जनवरी 2026 को संपन्न हुआ। इस विशेष आवरण पर वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस, जबलपुर अंकित है। साथ ही इसमें डॉ. अखिलेश कुमार द्वारा रचित ग्रंथ (हिम्न्स ऑफ रामायण) के आवरण चित्र को भी स्थान दिया गया है, जो रामायण की वैश्विक चेतना और सांस्कृतिक प्रभाव को दर्शाता है।

# प्रभारी कलेक्टर ने 32 आवेदनों पर की सुनवाई



**अनूपपुर, नवभारत।** जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी ने 32 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम चोई, धनगवां पूर्वी के श्री संतोष कुमार कोल ने ग्राम चोई पडरिया में मूलभूत सुविधाओं की कमी तथा भूमि के खसरा नक्शा उपलब्ध न होने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम बरबसपुर, पौड़ी चौड़ी, कोतमा निवासी रामचंद्र दुबे ने मुर्रा हिंदुस्तान पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा निर्मित बांध में अत्यधिक जलभराव की समस्या से प्रशासन को अवगत कराया। तहसील कोतमा के ग्राम सुखीराम पुरी के एक आवेदक ने अपनी कब्जे की भूमि पर अनावेदक द्वारा अनावश्यक रूप से परेशान किए जाने की शिकायत दर्ज कराई।

### जनसुनवाई में लापरवाही, पटवारी पर 10 हजार का जुर्माना

अनूपपुर, नवभारत। जनसुनवाई में प्राप्त एक शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय ने दुल्हीबांध तहसील कोतमा में पदस्थ पटवारी रणधीर विक्रम प्रताप सिंह पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 दिसंबर को जनसुनवाई के दौरान दुल्हीबांध निवासी शिकायतकर्ता चंद्रवती यादव द्वारा अपनी समस्या से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जांच में पाया गया कि संबंधित पटवारी द्वारा जन आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज शिकायत का समय पर निराकरण नहीं किया गया तथा आवेदक को अनावश्यक रूप से परेशान किया गया। अपर कलेक्टर ने बताया कि शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद शिकायत का समाधान नहीं किए जाने को गंभीर लापरवाही माना गया है। इसी कारण पटवारी रणधीर विक्रम प्रताप सिंह पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनसुनवाई और शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




# अवैध रेत परिवहन पर ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**अनूपपुर, नवभारत 6 जनवरी।** जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी वेंकटनगर ने कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त करते हुए चालक व वाहन मालिक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार 4 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि जमुना प्रजापति निवासी लाइनपार वेंकटनगर अलान नदी से रेत चोरी कर ट्रैक्टर-ट्रॉली से बिक्री के लिए ले जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने रेलवे अंडर ब्रिज वेंकटनगर के पास ट्रैक्टर को रोककर जांच की। जांच के दौरान ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 65 एए 3984 में लगभग 2 घन मीटर रेत लदी हुई पाई गई।

### चालक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका

चालक जमुना प्रजापति 24 वर्ष से जब रेत से संबंधी दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में उसने बताया कि यह ट्रैक्टर वाहन मालिक राधिका प्रसाद पाण्डेय के कहने पर अलान नदी से रेत निकालकर बिक्री के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने मौके पर ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं लोड रेत को जब्त कर लिया। मामले में आरोपी चालक जमुना प्रजापति तथा वाहन मालिक राधिका प्रसाद पाण्डेय के विरुद्ध खनिज अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई है।

# अभियान पार्टी को मजबूती प्रदान कर रहा : शर्मा

**जमुना-कोतमा नवभारत 6 जनवरी।** भारतीय लोकमत राष्ट्रवादी पार्टी के संगठन विस्तार अभियान के तहत पार्टी के युवा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव हीरावती महरा इन दिनों अनूपपुर जिले के दौरे पर हैं। इसी क्रम में ग्राम सकोला, बदरा एवं पिपरिया में घर-घर जाकर सदस्यता अभियान चलाया गया।

इस दौरान आम नागरिकों को पार्टी का उद्देश्य-पत्र पढ़कर सुनाया गया तथा उसकी प्रतियां भी वितरित की गईं। सदस्यता अभियान के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पार्टी के उद्देश्य-पत्र से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की। कई लोगों ने सदस्यता शुल्क जमा कर पार्टी से जुड़ाव दिखाया, वहीं कुछ समर्थकों ने स्वेच्छा से सहयोग राशि भी प्रदान की। अभियान को महिलाओं और युवाओं का विशेष समर्थन मिला।

**मांग** | रेलवे मजदूर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक से की भेंट, कर्मचारियों की समस्याओं पर की चर्चा

# जीडीसी के विभिन्न पदों को भरने अधिसूचना जारी करने की मांग



**अनूपपुर, नवभारत 6 जनवरी।** साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर जोन के महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण एवं जोनल अध्यक्ष डीके स्वाइन के नेतृत्व में मजदूर कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने नववर्ष के अवसर पर बिलासपुर रेल जोन के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश से उनके कार्यालय में भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस प्रतिनिधिमंडल में बिलासपुर मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री, नागपुर मंडल समन्वयक इंदल दमाहे, केंद्रीय कोषाध्यक्ष सांई किरण तथा अतिरिक्त संयुक्त महामंत्री राजेश सोनकर शामिल थे। प्रतिनिधियों ने महाप्रबंधक को नववर्ष की बधाई देते हुए संगठन का नवीन कैलेंडर व डायरी भेंट की।

### समस्याओं के निराकरण पर हुई चर्चा

मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने बताया कि नववर्ष के अवसर पर संगठन के महामंत्री द्वारा महाप्रबंधक, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, डीआरएम बिलासपुर सहित जोन एवं मंडल के अन्य अधिकारियों से मुलाकात कर रेल कर्मचारियों की विभिन्न महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा की गई तथा उनके निराकरण की पहल की गई।

### जोनल स्थानांतरण की बाध्यता घटाने की मांग

प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख मांगों में बिलासपुर जोन में लंबे समय से रुके हुए जीडीसी के विभिन्न पदों को भरने हेतु तत्काल अधिसूचना जारी करने, रनिंग कर्मचारियों को 120 किलोमीटर सुविधा देने के लिए चिन्हित क्षेत्रों के आदेश शीघ्र घोषित करने तथा जोनल स्थानांतरण में 10 वर्ष की बाध्यता को घटाकर 5 वर्ष करने के संबंध में रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त संगठन मजदूर कांग्रेस के साथ बैठक आयोजित करने की मांग रखी।

### शीघ्र सकारात्मक कदम उठाने की मांग

इसके अलावा विभिन्न विभागों के रेल कर्मचारियों से जुड़ी अन्य समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि रेलवे प्रशासन कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र सकारात्मक कदम उठाएगा।

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास

**अनूपपुर, नवभारत 6 जनवरी।** जिले में नि:शक्त महिला से दुष्कर्म के एक मामले में न्यायालय ने आरोपी को कठोर सजा सुनाई है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश नरेन्द्र पटेल की अदालत ने थाना चचाई क्षेत्र के आरोपी राजू कुशवाहा को दोषी पाते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। इस प्रकरण की पैरवी लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा की गई। आरोपी वर्तमान में जिला जेल अनूपपुर में न्यायिक अभिरक्षा में है। लोक अभियोजक ने बताया कि 24 जून 2023 को अमलाई क्षेत्र में घटना घटित हुई थी। पीड़िता एक गरीब महिला है, जो घूम-घूम कर भीख मांगकर जीवन यापन करती है, जिसकी दृष्टि कमजोर है तथा वह नि:शक्त है। आरोपी राजू कुशवाहा ने उसके साथ दुष्कर्म किया था।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद् बिजुरी, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

Phone / Fax No. : 07658-264242, Email : cmobijuri@mpurban.gov.in,

क्रं./1820 /न.पा./लो.नि./2025 | **ई - निविदा आमंत्रण सूचना** | बिजुरी, दिनांक:- 06/01/2026

एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग मे केन्द्रीकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदार, पंजीकृत फर्म को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य की निकाय द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गई है।

| क्रं. | ई-निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01. | 2026_UAD_473314_1 | CONSTRUCTION OF INDOORSTADIUMAT WARD NO13 UNDER CMSAVY 4TH PLASE | 952.75 लाख | 476375.00 | 20000.00 | 21-01-2026 (17:30 HRS) |

01. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेबसाईट (https://mptenders.gov.in) में नि:शुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है। 02. बिड प्रस्तुतिकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व "KEY DATES" में देखी जा सकती है। 03. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल वेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद् बिजुरी**
**जिला - अनूपपुर (म.प्र.)**